डिजी यात्रा

हाल ही में “डिजी यात्रा” (DIGI YATRA) परियोजना पर चर्चा हेतु नई दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्रालय (Ministry of Civil Aviation) की सलाहकार समिति की बैठक हुई।



डिजी यात्रा क्या है?

- **परिचय:**
  - चेहरा पहचान प्रणाली (FRT) केआधार पर हवाई अड्डों पर यात्रियों की संपर्क रहित, निर्बाध यात्रा प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिये इस परियोजना पर विचार किया गया है।
  - इस परियोजना का मूल विचार यह है कि कोई भी यात्री बिना किसी कागज़ के या बिना कोई संपर्क किये विभिन्न चेक पॉइंट से गुज़र सके। इसके लिये उसके चेहरे के फीचर्स का इस्तेमाल किया जाएगा जिससे उसकी पहचान स्थापित होगी जो सीधे उसके बोर्डिंग पास से जुड़ी होगी।
  - यह एक **विकेंद्रीकृत मोबाइल वॉलेट आधारित पहचान प्रबंधन प्लेटफॉर्म** मुहैया करता है जो कि सस्ता भी है और डिजी यात्रा के कार्यान्वयन में गोपनीयता/डेटा सुरक्षा मुद्दों को भी संबोधित करता है।
- **डिजी यात्रा फाउंडेशन:**
  - इसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत वर्ष 2019 में एक **संयुक्त उद्यम** कंपनी के तौर पर स्थापित किया गया था।
  - इस फाउंडेशन को **डिजी यात्रा सेंट्रल इकोसिस्टम (DYCE)** निर्मित करने के उद्देश्य से बनाया गया था।
  - डिजी यात्रा फाउंडेशन एक **अखिल भारतीय इकाई और यात्री आईडी सत्यापन प्रक्रिया का संरक्षक** होगा।
  - यह भारत में विमानन हितधारकों के बीच आम सहमति भी विकसित करेगा।
  - यह स्थानीय हवाई अड्डा प्रणालियों के अनुपालन और दिशा-निर्देशों के मानदंडों को भी परिभाषित करेगा।
- **क्रियान्वयन:**
  - पहले चरण में डिजी यात्रा को अगस्त 2022 में वाराणसी और बंगलूरू के दो हवाई अड्डों पर तथा अगले वर्ष में मार्च तक पुणे, विजयवाड़ा, कोलकाता, दिल्ली एवं हैदराबाद के पाँच हवाई अड्डों पर शुरू करने का प्रस्ताव है।
  - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) उन हवाई अड्डों की पहचान करेगा जहाँ डिजी यात्रा को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

डिजी यात्रा का उद्देश्य:

- यात्री अनुभव को बढ़ाना और सभी हवाई यात्रियों को सरल एवं आसान अनुभव प्रदान करना।
- "डिजिटिल फ्रेमवर्क" का उपयोग करके मौजूदा बुनियादी ढाँचे के माध्यम से बेहतर थ्रूपुट प्राप्त करना।
- कम लागत में संचालन।
- वर्तमान मैनुअल प्रक्रियाओं को डिजिटाइज़ करना और बेहतर दक्षता लाना।
- सुरक्षा मानकों को बढ़ाना और मौजूदा सस्टिम के प्रदर्शन में सुधार करना।
- सरकार द्वारा जारी आधार जैसी एक मज़बूत सत्यापन योग्य डिजिटिल "आईडी" के साथ "डिजी यात्रा" प्रणाली का रोलआउट।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digi-yatra-1